सांध्य दैनिक

आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

DGR Detective Group Report

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 11 अंक : 304 | इंदौर, शुक्रवार 22 मई, 2026 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

● ईज ऑफ लिविंग से विकसित भारत तक

## 'विकास की गति तेज करने के लिए सुधार जरूरी'

### पीएम मोदी ने बताई सरकार की रणनीति



**नई दिल्ली, (एजेंसी)** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली में हुई मंत्रिपरिषद की बैठक को लेकर अहम जानकारी साझा की। विदेश दौरों से लौटने के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने गुरुवार शाम 'सेवा तीर्थ' में मंत्रिपरिषद की बैठक की अध्यक्षता की थी। इस बैठक में सभी कैबिनेट मंत्री, राज्य मंत्री और स्वतंत्र प्रभार वाले राज्य मंत्री शामिल हुए। यह वर्ष 2026 की पहली पूर्ण मंत्रिपरिषद बैठक थी। इससे पहले ऐसी बैठक 4 जून 2025 को आयोजित की गई थी।

### बैठक में किन-किन विषयों पर चर्चा की गई?

प्रधानमंत्री मोदी ने शुक्रवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट करते हुए बताया कि बैठक में 'ईज ऑफ लिविंग' और 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' को बढ़ावा देने से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि बैठक में सुधारों को और आगे बढ़ाने व विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए बेहतर तौर-तरीकों और नए विचारों का आदान-प्रदान किया गया।

### पीएम ने किस पर जोर दिया?

प्रधानमंत्री ने अपने पोस्ट में लिखा कि मंत्रिपरिषद की बैठक बेहद सार्थक रही और इसमें शासन व्यवस्था को अधिक प्रभावी बनाने, आम लोगों के जीवन को आसान करने व कारोबार के लिए बेहतर माहौल तैयार करने पर विशेष जोर दिया गया। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य ऐसे सुधारों को गति देना है, जो देश को तेज विकास की दिशा में आगे ले जाएं।

गौरतलब है कि यह बैठक ऐसे समय में हुई, जब अमेरिका-ईरान युद्ध के कारण वैश्विक आर्थिक परिस्थितियां चुनौतीपूर्ण बनी हुई हैं। युद्ध के चलते अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव देखा जा रहा है। भारत सरकार लगातार ईंधन आपूर्ति, महंगाई और ऊर्जा सुरक्षा की स्थिति पर नजर बनाए हुए है।

इसी बीच प्रधानमंत्री मोदी ने हाल ही में देशवासियों से संसाधनों के समझदारी से उपयोग की अपील भी की थी। उन्होंने लोगों से जहां संभव हो 'वर्क फ्रॉम होम' अपनाने, अधिक से अधिक ऑनलाइन बैठकों को प्राथमिकता देने और ईंधन की बचत करने का आग्रह किया। इसके अलावा उन्होंने कम से कम एक वर्ष तक सोना खरीदने से बचने और अनावश्यक विदेश यात्राओं से परहेज करने की भी सलाह दी थी।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने परिवहन विभाग की समीक्षा में चौकियों को एकीकृत करने के दिए निर्देश

# नागरिकों को सुविधा के लिए सुगम परिवहन सेवा योजना शीघ्र प्रारंभ करे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में नागरिकों को संस्थागत लोक परिवहन की सुविधा उपलब्ध कराने के लिये मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा योजना शीघ्र प्रारंभ की जाये। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंत्रालय में परिवहन विभाग की समीक्षा बैठक ले रहे थे। बताया गया कि प्रदेश में सड़क सुरक्षा सचिवालय का गठन किया जा रहा है। बैठक में परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह भी उपस्थित थे।**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि आमजन के लिए सुरक्षित, सुगम और सुलभ परिवहन सुविधा उपलब्ध कराना हमारा दायित्व है। बेहतर लोक परिवहन आसान यात्रा का साधन ही नहीं, प्रदेश के सामाजिक और आर्थिक विकास की जीवन रेखा भी है। प्रदेश की सीमा में अन्य राज्यों से आने वाले मालवाहक वाहनों की जांच के लिए परिवहन चौकियों और टोल नाकों को और अधिक आधुनिक एवं सुविधा सम्पन्न बनाया जाए। इसके लिए परिवहन चौकियों को शीघ्र ही एकीकृत (इंटीग्रेटेड) करने के प्रयास किए जाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राहवीर योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि परिवहन विभाग में मानव संसाधन की कमी की पूर्ति अभियान चलाकर की जाए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में सर्वाधिक दुर्घटना क्षेत्रों की मैपिंग करा ली जाए, जिससे जरूरतमंदों को जल्द से जल्द मेडिकल सर्विसेस मुहैया कराई जा सकें। विभिन्न विभागों द्वारा दी जा रही एम्बुलेंस सेवाओं को एक प्लेटफार्म पर लाया जाए, जिससे दुर्घटना क्षेत्रों में जरूरतमंद तक 30 मिनट से भी कम समय में एम्बुलेंस ऑटो मोड (जो स्पॉट से निकटतम हो) में पहुंच जाए।




बैठक में सचिव परिवहन मनीष सिंह ने बताया कि विभाग द्वारा क्रियान्वित पीएम-राहत योजना एवं राहवीर योजना के क्रियान्वयन में मध्यप्रदेश, पूरे देश में पहले स्थान पर है। पीएम-राहत योजना में राज्य के सभी 55 जिलों में जिला नोडल अधिकारियों को ऑनबोर्ड किया जा चुका है। योजना में कुल 2,298 प्रकरणों में से 1692 प्रकरण अनुमोदित कर दिए गए हैं। राहवीर योजना में कुल 109 आवेदन मिले, इनमें से 49 प्रकरण मंजूर कर लिए गए हैं। बालाघाट जिले में राहवीर योजना पर बहुत अच्छा काम हुआ है।

बैठक में बताया गया कि हाल ही में मध्यप्रदेश में हुई सुप्रीम कोर्ट कमेटी ऑन रोड सेफ्टी की बैठक में कमेटी के अध्यक्ष एवं सदस्यों द्वारा इन दोनों योजनाओं के प्रचार-प्रसार एवं सफल क्रियान्वयन के लिए राज्य सरकार की पहल की बेहद सराहना की गई है। इसी कमेटी की अनुशंसा पर सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रदेश में पृथक से 'म.प्र. राज्य सड़क सुरक्षा सचिवालय' का गठन भी किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि वित्त वर्ष 2025-26 में विभाग को दिए गए 4,400 करोड़ रूपए के लक्ष्य के विरूद्ध कुल 4911.78 करोड़ रूपए राजस्व आय अर्जित की गई। दिए गए लक्ष्य से विभाग द्वारा 111.6 प्रतिशत अधिक राजस्व अर्जन किया गया है। वर्तमान वित्त वर्ष 2026-27 के लिए करीब 5,721 करोड़ रूपए राजस्व आय का लक्ष्य रखा गया है। परिवहन विभाग द्वारा प्रदेश में 51 प्रकार की फेसलेस सर्विसेस दी जा रही हैं। इससे नागरिकों को बिचौलियों से तो मुक्ति मिली ही है, साथ ही पारदर्शितापूर्ण सेवा प्रदाय भी सुनिश्चित हुआ है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इन सभी उपलब्धियों के लिए विभागीय मंत्री, अधिकारियों एवं मैदानी अमले को भी बधाई दी।

### 'मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा योजना'

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने ग्रामीण नेटवर्क विस्तार, महिला सुरक्षा और प्रदेश के नागरिकों को संस्थागत लोक परिवहन की सुविधा मुहैया कराने के लिए राज्य सरकार की 'मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा योजना' की अद्यतन प्रगति की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि योजना का जल्द से जल्द फील्ड में शुभारंभ किया जाए। सचिव, परिवहन मनीष सिंह ने बताया कि योजना को धरातल पर लाने के लिए तेजी से प्रक्रियागत काम जारी है। यह योजना दो चरणों में चलाई जाएगी। इसके लिए प्रदेश में 7 क्षेत्र क्रमशः इंदौर, उज्जैन, भोपाल (नर्मदापुरम सहित), जबलपुर, सागर, ग्वालियर (चंबल सहित) एवं रीवा (शहडोल सहित) स्थापित किए गए हैं। पहले चरण में चलाई जाने वाली बसों के लिए क्षेत्रीय मुख्यालयों से उपनगरीय क्षेत्रों तक विस्तारित मार्ग मंजूरी की विभागीय अधिसूचना भी जारी कर दी गई है। अन्य क्षेत्रों के विस्तारित मार्गों की अधिसूचना शीघ्र ही जारी की जाएगी।

## 721 साल बाद धार का पहला 'शुक्रवार'... भोजशाला में वाग्देवी के जयकारे, अखंड पूजा और महाआरती

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**धार, एजेंसी.** मध्य प्रदेश के धार स्थित विवादित भोजशाला परिसर में शुक्रवार को अखंड पूजा और महा आरती का आयोजन किया जा रहा है. कोर्ट के फैसले के बाद यह पहला शुक्रवार है, जिसको लेकर परिसर में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है. सुबह से ही हिंदू पक्ष के लोगों का भोजशाला पहुंचना शुरू हो गया है. भोजशाला परिसर में लगे उस बोर्ड को भी पोत दिया गया है, जिस पर पहले लिखा था, "शुक्रवार को हिंदुओं का प्रवेश वर्जित". बता दें कि 721 साल बाद पहली बार शुक्रवार को परिसर में हिंदुओं की एंट्री हुई है. वहीं, गर्भगृह में महा आरती और पूजा की तैयारियां शुरू हो चुकी हैं. हिंदू पक्ष आज गर्भगृह में मां सरस्वती की प्रतीकात्मक प्रतिमा के साथ पूजा-अर्चना करेगा. पूरे गर्भगृह को फूलों से सजाया गया है और धार्मिक अनुष्ठानों की तैयारियां जारी हैं. प्रशासन ने परिसर और आसपास के इलाके में सुरक्षा बल तैनात किए हैं, ताकि किसी तरह की अव्यवस्था न हो. भोजशाला परिसर में श्रद्धालुओं की आवाजाही लगातार बढ़ रही है.



दो दिवसीय ब्रिक्स युवा उद्यमिता शिखर बैठक इंदौर में संपन्न

# नवाचार, स्टार्टअप और सतत् विकास पर हुआ मंथन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। भारत की ब्रिक्स अध्यक्षता के अंतर्गत आयोजित दो दिवसीय ब्रिक्स युवा उद्यमिता कार्य समूह की बैठक इंदौर में संपन्न हुई। 20 और 21 मई को आयोजित इस बैठक में संरचित संवाद, अनुभव साझाकरण और सहयोगात्मक आदान-प्रदान के साथ ब्रिक्स सदस्य देशों के प्रतिनिधि, युवा उद्यमी और नीति विशेषज्ञ एकजुट हुए। दूसरे दिन का सत्र क्रिस्टल आईटी पार्क में आयोजित हुआ। इसके बाद प्रतिनिधिमंडल ने पीथमपुर औद्योगिक क्षेत्र का भ्रमण किया।**



एमपीआईडीसी के कार्यकारी निदेशक हिमांशु प्रजापति, सेज कमिश्नर अभिषेक शर्मा, ब्रिक्स प्रतिनिधिमंडल तथा शीर्ष आईटी कंपनियों के प्रतिनिधि के बीच विस्तृत चर्चा हुई। चर्चा में उभरते कार्य क्षेत्रों, बड़ी कंपनियों के साथ कार्य करते समय आने वाली चुनौतियों तथा तेजी से बदलती तकनीकों के अनुरूप स्वयं को निरंतर अपडेट रखने के महत्व पर विचार-विमर्श किया गया। साथ ही इंदौर के विकसित होते स्टार्टअप इकोसिस्टम, डेटा सेंटर एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसे क्षेत्रों में ब्रिक्स देशों के बीच सहयोग की संभावनाओं तथा भारत में सस्ते इंटरनेट की उपलब्धता को स्टार्टअप्स और डिजिटल नवाचार के लिए एक बड़ी ताकत के रूप में भी रेखांकित किया गया। ब्रिक्स प्रतिनिधिमंडल ने पीथमपुर औद्योगिक क्षेत्र का भ्रमण किया, जो मध्य भारत के सबसे महत्वपूर्ण विनिर्माण क्लस्टर्स में से से एक है। जहाँ ऑटोमोबाइल सहायक उद्योग, फार्मास्यूटिकल्स, इंजीनियरिंग तथा फूड प्रोसेसिंग जैसे प्रमुख उद्योग स्थापित हैं। इस भ्रमण ने प्रतिनिधियों को भारत की विनिर्माण क्षमता और औद्योगिक गहराई का प्रत्यक्ष अनुभव कराया तथा ब्रिक्स देशों के बीच औद्योगिक सहयोग, सप्लाई चेन एकीकरण और तकनीकी साझेदारी जैसे विषयों पर सार्थक चर्चा को बढ़ावा दिया।

● कौशल विकास विभाग के प्रमुख सचिव मनीष सिंह और संचालक वसंत कुर्रे ने

## ड्राईवर ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट का किया निरीक्षण



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग के प्रमुख सचिव मनीष सिंह एवं कौशल विकास विभाग के संचालक वसंत कुर्रे ने गुरूवार को इंदौर के संभागीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था परिसर में स्थित ड्राइवर ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट का निरीक्षण किया। इस अवसर पर अतिरिक्त संचालक कौशल विकास डी. एस. ठाकुर और संयुक्त संचालक कौशल विकास इंदौर संभाग सतीश मोरे भी उपस्थित थे।**

प्रमुख सचिव मनीष सिंह द्वारा ड्राइविंग स्कूल के विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों की जानकारी ली गई। उन्होंने संचालित प्रशिक्षण कार्यक्रमों पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिये। वरिष्ठ अधिकारियों ने प्रशिक्षणरत ड्राइवर्स एवं पीएम कौशल विकास बैच की महिला प्रशिक्षणार्थियों से प्रशिक्षण संबंधित चर्चा भी की। डीटीआई प्रभारी निखिल पंडित द्वारा अधिकारियों को जानकारी दी गई। निरीक्षण के दौरान संस्था की प्राचार्य श्रीमती रीना सोलंकी, प्राचार्य वर्ग 2 गौरव आर्य, संयुक्त संचालक कार्यालय से अधिकारीगण श्रीमती प्रिया बामने, सचिन अग्रवाल एवं संस्था से सर्वश्री शरद शर्मा, महेश जारवाल, संजय कुमार जैन, गौरव सिंघल, अविनाश धाकड़े, सीताराम रावत एवं अन्य प्रशिक्षण अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

एसीएस अनुपम राजन ने की उच्चस्तरीय बैठक

## जल संकट पर प्रशासन अलर्ट पानी के टैंकर बढ़ाने का फैसला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। गहराते जल संकट और पेयजल आपूर्ति की समस्याओं को लेकर प्रशासन अब सक्रिय नजर आ रहा है। शहर की जल व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए गुरुवार को रेसीडेंसी कोठी में प्रदेश के अपर मुख्य सचिव अनुपम राजन की मौजूदगी में उच्च स्तरीय बैठक आयोजित की गई।**



बैठक में शंकर लालवानी, मेयर पुष्यमित्र भार्गव, शहर के विधायक, कलेक्टक शिवम वर्मा, निगम कमिश्नर क्षितिज सिंघल सहित वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। बैठक में शहर की पेयजल आपूर्ति व्यवस्था की विस्तार से समीक्षा की गई। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि गर्मी के मौसम में किसी भी क्षेत्र में पानी की समस्या न होने पाए। जरूरत पड़ने पर टैंकरों की संख्या बढ़ाकर नियमित और समयबद्ध जल आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। इसके अलावा नागरिकों की शिकायतों का त्वरित निराकरण करने और जल संकट प्रभावित क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखने पर भी जोर दिया गया। मेयर पुष्यमित्र भार्गव ने बैठक में शहर की बढ़ती आबादी और जल मांग को लेकर अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि वर्ष 2013 से जितना नर्मदा जल शहर की टंकियों में पहुंच रहा है, लगभग उतनी ही मात्रा आज भी मिल रही है, जबकि शहर का विस्तार और जनसंख्या लगातार बढ़ी है। इसी कारण जल वितरण पर दबाव बढ़ रहा है और कई क्षेत्रों में समस्या सामने आ रही है। मेयर ने जल व्यवस्था के रखरखाव और अन्य आवश्यक कार्यों के लिए 50 करोड़ रुपए की मांग भी रखी। बैठक में यह भी तय किया गया कि जिन क्षेत्रों में बार-बार पेयजल संकट की स्थिति बन रही है, वहां विशेष निगरानी रखी जाएगी। प्रशासन ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि टैंकर आपूर्ति और वितरण व्यवस्था में किसी तरह की लापरवाही न हो।

## हवा, मिट्टी और पानी की चिंता करेंगे तो हो जाएगा पर्यावरण संरक्षण

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** राजस्थान के प्रसिद्ध पर्यावरण प्रो श्यामसुंदर ज्वाणी ने कहा है कि हमें हवा, मिट्टी और पानी की चिंता करना होगी। जब यह चिंता हम करेंगे तो पर्यावरण का संरक्षण स्वमेव हो जाएगा। केवल पेड़ लगा लेने से ग्रीन कवरेज नहीं होगा। हमें क्षेत्र की तासीर को भी समझना होगा।




वे आज यहां अभ्यास मंडल की ग्रीष्मकालीन व्याख्यान माला में जाल सभागृह में संबोधित कर रहे थे। उनका विषय था- पर्यावरण संरक्षण और सामूहिक भागीदारी। उन्होंने अब तक 50 लाख वृक्ष लगाए हैं और 200 वन तैयार किए हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी स्थान पर कोई सा भी पौधा नहीं लगाया जाता है। हमें जमीन की तासीर को समझाना पड़ेगा। हर प्रदेश का नहीं बल्कि हर जिले का मिट्टी का एक अलग स्वभाव होता है। जब हम उस स्वभाव को समझेंगे और उसके हिसाब से पौधा लगाएंगे तो वह पौधा पनपेगा। कई बार हम देखते हैं कि हमने पौधा लगाया लेकिन वह पौधा नहीं पनपा तो उसके पीछे कारण जमीन का स्वभाव होता है। हरियाली को हम केवल इस रूप में नहीं ले सकते कि हमें पर्याप्त ऑक्सीजन मिल जाएं। हमें इसे जीवित तंत्र के रूप में समझना होगा। हमें सोशल इकोलॉजी को समझना चाहिए। क्या कारण है कि हमारे देश में हर प्रदेश का खान-पान अलग है क्योंकि हर प्रदेश में मौसम अलग तरह का होता है और वहां पर शरीर की आवश्यकता भी बदल जाती है।अपने भाषण के दौरान ज्याणी ने कहा कि अभ्यास मंडल के सदस्य कान्ह और सरस्वती नदी के शुद्धिकरण के लिए संघर्ष कर रहे हैं तो मेरा सवाल यह है कि केवल अभ्यास मंडल के 200 लोग ही यह संघर्ष क्यों करें? इंदौर शहर के 40 लाख लोग इस कार्य में सहभागी क्यों नहीं बन रहे हैं। हम सभी को प्रकृति को सही करने की ओर सजग रहना होगा और प्रकृति का संरक्षण करना होगा।

## शिक्षकों के समस्त लंबित समस्याओं का होगा निपटारा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** इंदौर शिक्षा विभाग शिक्षकों के लंबित प्रकरणों को हल करने के लिए 25 मई से 30 मई तक नवीन मालव कन्या विद्यालय महू नाका में शिविर आयोजित कर रहा है। इंदौर जिलाशिक्षा अधिकारी डॉ. शांतास्वामी भार्गव ने बताया कि पहले सिर्फ इंदौर ब्लाक के कर्मचारियों के समस्त प्रकरणों को लिया जायेगा, उसके बाद दूसरे ब्लाकों के लिए भी शिविर लगाये जाएंगे। शिविर का समय सुबह10.30 से शाम 5.30 तक रहेगा।

# जिंसी में 60 फीट सड़क के लिए चला पीला पंजा, 100 साल पुराने मकान मलबे में बदले






@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** जिंसी क्षेत्र में 60 फीट चौड़ी सड़क निर्माण के लिए गुरुवार को नगर निगम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 15 से अधिक निर्माण हटा दिए। वर्षों पुरानी बसाहट वाले इस इलाके में 100 साल से अधिक पुराने मकान भी मलबे में तब्दील हो गए। सुबह नगर निगम का अमला करीब 50 कर्मचारियों और बुलडोजरों के साथ मौके पर पहुंचा और अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू की। करीब दो घंटे में 30 से अधिक निर्माण हटाकर सड़क चौड़ीकरण के लिए रास्ता साफ किया गया। पिछले एक माह से कई रहवासी स्वेच्छा से सड़क चौड़ीकरण की जद में आने वाले हिस्सों को खुद ही हटा रहे थे। निगम अधिकारियों के अनुसार सड़क चौड़ीकरण में 170 से अधिक निर्माण बाधक हैं। जिन लोगों ने स्वयं निर्माण नहीं हटाए, उनके मकान गुरुवार को निगम ने तोड़ दिए। कार्रवाई से पहले पूरे क्षेत्र की बिजली आपूर्ति बंद कर दी गई थी। बाधाएं हटने के बाद अब यहां जल्द ही सड़क निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा। पहले नर्मदा और ड्रेनेज लाइन डाली जाएगी, उसके बाद सड़क का निर्माण होगा। मास्टर प्लान में इस सड़क की चौड़ाई 80 फीट प्रस्तावित है, लेकिन फिलहाल निगम इसे 60 फीट चौड़ा बना रहा है। रहवासियों का कहना है कि इलाके के अधिकांश मकान आजादी से पहले के हैं और ज्यादातर जमीनें होलकरकालीन हैं। उनका आरोप है कि 1974 में बने मास्टर प्लान में सड़क की चौड़ाई 80 फीट निर्धारित कर दी गई, जिसके कारण अब उन्हें अपनी मालिकी की जमीन छोड़नी पड़ रही है। लोगों का कहना है कि जमीन देने के बदले उन्हें कोई मुआवजा नहीं दिया गया। वहीं अधिकारियों का कहना है कि सड़क बनने के बाद बड़ा गणपति क्षेत्र में ट्रैफिक का दबाव कम होगा और लोग इस मार्ग से आसानी से राजवाड़ा और क्लॉथ मार्केट तक पहुंच सकेंगे। उल्लेखनीय है कि इंदौर में करीब 400 करोड़ रुपये की लागत से मास्टर प्लान की 23 सड़कों का निर्माण किया जा रहा है।

## महू एवं मानपुर पोषण पुर्नवास केन्द्रों का किया गया औचक निरीक्षण



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** गर्भवती महिलाओं एवं नवजात शिशुओं की समय पर पहचान एवं प्रबंधन संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देना तथा गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य तथा पोषण सेवाओं की सतत उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए पोषण पुर्नवास केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया गया। शिशु व मातृ मृत्यु दर में प्रभावी कमी लाना राज्य शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में सम्मिलित है। इस उद्देश्य से प्राप्त निर्देशों के अनुसार मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. माधव प्रसाद हासानी तथा महिला बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी रजनीश सिन्हा द्वारा गत दिवस एन.आर. सी. महू तथा मानपुर का औचक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान दोनों अधिकारियों ने केंद्र में भर्ती कुपोषित बच्चों का स्वास्थ्य की स्थिति, उपलब्ध सुविधाओं तथा चिकित्सकीय देखभाल की विस्तृत समीक्षा की। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. माधव प्रसाद हासानी ने केंद्र की टीम के साथ चर्चा करते हुए बच्चों के पोषण, उपचार एवं पुनर्वास प्रक्रिया पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। दोनों पोषण पुनर्वास केंद्रों कुल 22 बच्चे थे, जिसमें 15 मानपुर में एवं 07 महू एनआरसी के थे। महू एनआरसी में मौजूद एक शिशु की माता हेतु भी विशेष भोजन एवं अतिरिक्त पौष्टिक आहार देने हेतु भी खंड चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिए।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. माधव प्रसाद हासानी ने सिविल अस्पताल महू के परिसर की साफ-सफाई में तत्काल सुधार के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हर रोज नियमित सफाई, डिसइन्फेक्शन तथा शौचालयों की साफ-सफाई सुनिश्चित की जाए, कोई भी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास ने भी महिला एवं बाल विकास के मैदानी कार्यकर्ताओं की टीम को बच्चों के पोषण आहार की गुणवत्ता बनाए रखने तथा माताओं को पोषण संबंधी जागरूकता प्रदान करने के लिए निर्देशित किया एवं भविष्य में भी जिले एवं विकासखंडों के दोनों विभागों के अधिकारियों का संयुक्त भ्रमण जारी रहेगा।

## हॉस्टल में हंगामा करने वाले 18 स्टूडेंट चिन्हित

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के IET डिपार्टमेंट के हॉस्टल में अर्धनग्न होकर डांस कर तोड़फोड़ करने वाले 18 स्टूडेंट्स को चिन्हित किया जा चुका है। बाकी और स्टूडेंट्स को चिन्हित किया जा रहा है। सभी स्टूडेंट्स के आईडेंटिफाई होने के बाद एक साथ इन्हें नोटिस दिए जाएंगे। फाइनल ईयर के स्टूडेंट्स को आखिरी एग्जाम देने से भी वंचित रखा गया है। जांच के बाद इनकी एग्जाम कराई जाएगी।**

पिछले दिनों IET के रामानुजन बॉयस हॉस्टल बी में फाइनल ईयर के स्टूडेंट्स ने जमकर उत्पात मचाया था। उन्होंने अर्धनग्न होकर हॉस्टल में दारू बदनाम कर दी गाने पर डांस किया था और उसके बाद हॉस्टल की कुर्सियां, टेबल, खिड़कियों के कांच यहां तक की प्लास्टिक की पानी की टंकी भी तोड़ दी थी। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर भी जमकर वायरल हुआ था। वीडियो सामने आने के बाद यूनिवर्सिटी प्रबंधन एक्शन मोड में आ गया। अनुशासन समिति ने भी इमरजेंसी मीटिंग की थी। स्टूडेंट्स पर 25 हजार प्रति स्टूडेंट्स पेनल्टी लगाने, आखिरी एग्जाम नहीं देने, रिजल्ट रोकने जैसे एक्शन लेना तय किया।

# 60 लाख की चोरी केस में बयान बदलने का दबाव

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। बाणगंगा थाना क्षेत्र में 60 लाख रुपए की चोरी के केस में अब पीड़िता को धमकाने और अदालत में बयान बदलने का दबाव बनाने का मामला सामने आया है। महिला ने अपने ही रिश्तेदारों पर धमकी देने और समझौते का दबाव बनाने के आरोप लगाए हैं।**

बाणगंगा पुलिस के मुताबिक कुम्हार खाड़ी निवासी मनीषा यादव के घर 7 फरवरी 2026 को चोरी हुई थी। 9 फरवरी को जब परिवार घर पहुंचा तो ताला टूटा मिला और सोने के जेवर व नकदी सहित करीब 60 लाख रुपए का सामान चोरी होना सामने आया। मामले की जांच के दौरान सीसीटीवी फुटेज में तीन से अधिक युवक दिखाई दिए थे, जिनमें महिला के जेठ का बेटा रोहित उर्फ गोलू और उसके साथी शामिल पाए गए। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। महिला ने पुलिस को बताया कि 19 मई 2026 को दोपहर करीब 4 बजे रोहित उर्फ गोलू अपने साथी प्रद्युम्न के साथ उसके घर पहुंचा। दोनों ने पहले दर्ज कराए गए चोरी के मामले में कोर्ट में बयान बदलने का दबाव बनाया। विरोध करने पर आरोपियों ने महिला और उसके पति के साथ अभद्रता करते हुए जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद पीड़िता ने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस के अनुसार चोरी के मामले में जेल जाने के बाद आरोपी जमानत पर बाहर आ गए थे। पीड़ित परिवार ने वारदात के बाद आरोपियों और उनके परिवार से संबंध तोड़ लिए थे, लेकिन इसके बावजूद आरोपी लगातार समझौते का दबाव बना रहे थे। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## हनी ट्रैप मामले में बीजेपी की नेता हिरासत में

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** शराब कारोबारी हितेंद्र सिंह उर्फ चिंटू ठाकुर से जुड़े हनी ट्रैप मामले में इंदौर पुलिस ने एक और महिला आरोपी को हिरासत में लिया है। सूत्रों के मुताबिक, बुधवार को सागर से हिरासत में ली गई इस आरोपी का नाम रेशू उर्फ अभिलाषा चौधरी है। इसे हनी ट्रैप नेटवर्क की मुख्य कड़ी माना जा रहा है। रेशू भाजपा के एक प्रकोष्ठ में पदाधिकारी रह चुकी है। इससे पहले क्राइम ब्रांच ने मामले की मास्टरमाइंड श्वेता विजय जैन, महिला शराब तस्कर अलका दीक्षित, उसके बेटे जयदीप, प्रॉपर्टी कारोबारी लाखन चौधरी समेत हेड कॉन्स्टेबल विनोद शर्मा को हिरासत में लिया था। श्वेता ने पुलिस के सामने मामले में सरकारी गवाह बनाने की इच्छा जताई है। क्राइम ब्रांच डीसीपी राजेश त्रिपाठी ने कहा- जांच में सामने आया है कि रेशू, अलका और श्वेता के साथ कथित ब्लैकमेलिंग नेटवर्क में सक्रिय थी। उसने श्वेता विजय जैन के माध्यम से इंदौर निवासी अलका दीक्षित से संपर्क किया था। इसके बाद तीनों ने मिलकर प्रभावशाली लोगों को निशाना बनाने की योजना बनाई। अब पुलिस की प्राथमिकता रेशू और अलका के पास मौजूद कथित हनी ट्रैप वीडियो, ऑडियो और अन्य डिजिटल सबूत जब्त करने की है। आरोपियों के मोबाइल फोन से कुछ ऑडियो-वीडियो फाइलें भी रिकवर किए जाने की जानकारी सामने आई है। वहीं, हेड कॉन्स्टेबल विनोद शर्मा से भी देर रात तक पूछताछ की गई।

## युवक को डंपर ने मारी टक्कर, मौत

**इंदौर।** एरोड्रम रोड पर बुधवार देर रात बाइक सवार एक युवक को तेज रफ्तार डंपर ने टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद पुलिस ने डंपर जब्त कर ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया है। मृतक की पहचान केशव नगर निवासी 22 वर्षीय इरफान शेख के रूप में हुई है। वह रात को अपने दोस्तों से मिलकर घर लौट रहा था। इसी दौरान एरोड्रम रोड पर एक तेज रफ्तार डंपर ने उसकी बाइक को चपेट में ले लिया। हादसे के बाद आसपास के लोगों ने पुलिस को सूचना दी। परिजनों के अनुसार इरफान हम्माली का काम करता था।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने की स्कूल शिक्षा विभाग की योजनाओं एवं गतिविधियों की समीक्षा

# अतिथि शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया एक जुलाई से पहले पूरी कर ली जाए

● स्कूली शिक्षा में कक्षा 8 से 12 में कृत्रिम बुद्धिमता (एआई) के कौशल को किया जाये शामिल



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि सम्राट विक्रमादित्य की जीवनी को स्कूली पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाया जाये। गुरू सांदीपनि के जीवन पर भी रोचक पुस्तक तैयार की जाए। स्कूली शिक्षा में कक्षा 8 से 12 में कृत्रिम बुद्धिमता (एआई) के कौशल को कैसे जोड़ा जाए, इस पर भी एक कार्य योजना तैयार की जाए। निजी विद्यालय खोलने के लिए सामाजिक संस्थाओं और संगठनों को प्रोत्साहन दिया जाए। अतिथि शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया एक जुलाई से पहले पूरी कर ली जाए। सत्र प्रारंभ होने से पहले स्कूलों में सभी पूर्व तैयारियां कर ली जाएं। प्रदेश की सभी आंशिक जीर्ण-शीर्ण शालाओं की तत्काल मरम्मत करा ली जाए। सभी स्कूलों में बाउण्ड्री वॉल्स बनाई जाए। एक जुलाई से गुरू पूर्णिमा (29 जुलाई) तक "शिक्षक वंदना कार्यक्रम", अभिभावकों एवं जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में आयोजित किया जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गुरुवार को मंत्रालय में स्कूल शिक्षा विभाग की विभिन्न योजनाओं और अन्य गतिविधियों की समीक्षा की। बैठक में स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री श्री उदय प्रताप सिंह भी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश को विकसित और आत्मनिर्भर बनाने के लिए हमारी सरकार सांदीपनि विद्यालय जैसी अत्याधुनिक शालाओं में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराकर प्रदेश की नींव मजबूत कर रही है। प्रदेश के हर विद्यार्थी तक उत्कृष्ट शैक्षणिक सुविधाएं और संसाधन समय पर पहुंचाना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। विभागीय गतिविधियों में तेजी लाएं और 16 जून से प्रारंभ हो रहे शैक्षणिक सत्र से पहले सभी व्यवस्थाएं पूरी कर ली जाएं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि स्कूलों में पूर्व छात्र-छात्रा सम्मेलन कराए जाएं, ताकि ऐसे विद्यार्थी जो अपने विद्यालय से भावनात्मक रूप से जुड़े हैं, वे उस विद्यालय के विकास-विस्तार में कुछ योगदान भी कर सकेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अधिकारियों को प्रदेश में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने परीक्षा परिणामों को और अधिक बेहतर बनाने के लिए शैक्षणिक गुणवत्ता सुधारने, नियमित मॉनीटरिंग, तकनीक और नवाचार आधारित शिक्षण पद्धति अपनाने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जिन शालाओं में शत-प्रतिशत रिजल्ट आया है, उनके शिक्षकों का सार्वजनिक सम्मान किया जाएगा। बैठक में बताया गया कि प्रदेश की 26 शालाएं ऐसी हैं, जहां शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम आया है। यहां के सारे विद्यार्थी उत्तीर्ण हो गए हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इन शालाओं के अतिरिक्त 90 या 95 प्रतिशत से अधिक रिजल्ट देने वाली शालाओं को भी सम्मानित किया जाए। उन्होंने कहा कि सांदीपनि विद्यालय की अवधारणा/योजना को जन-जन तक पहुंचाने के लिए एक विस्तृत कार्य योजना भी तैयार की जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अधिकारियों को ऐसे जिलों को चिन्हित करने को कहा, जहां सभी शालाओं में सभी प्रकार की व्यवस्थाएं उपलब्ध हों, साथ ही भौतिक एवं मानव संसाधन की कमी वाले जिलों की भी अलग श्रेणी तैयार की जाए। इससे सरकार को इन्हीं जिलों पर फोकस करने में आसानी होगी। कमी वाले जिलों पर इसी साल से काम प्रारंभ किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश के सभी जिला शिक्षा अधिकारी स्थानीय विधायक के साथ बैठकर पूरी विधानसभा क्षेत्र के स्कूलों में व्यवस्थाओं की बेहतरी के लिए प्रयास करें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि उनके द्वारा समय-समय पर की गई सभी घोषणाओं का जल्द से जल्द पालन करायें। एक वर्ष से पुरानी कोई भी घोषणा लंबित न रहे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वर्तमान में स्कूल शिक्षा विभाग की संचालित 14 विभागीय योजनाओं को निरंतर रखने की सहमति दी। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के बेहतरी के लिए सरकार हर जरूरी प्रयास करेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि छोटे बच्चों की शिक्षा के लिए प्रारंभ से ही माहौल बनाया जाए। महिला बाल विकास विभाग भी इसमें योगदान दें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के निर्देश पर अब प्रदेश के इतिहास में पहली बार स्कूल शिक्षा विभाग और महिला एवं बाल विकास विभाग बच्चों की गुणवत्तापूर्ण पढ़ाई के लिए एक साथ मिलकर काम करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जिन हाईस्कूलों के आस-पास हायर सेकेण्डरी स्कूल उपलब्ध नहीं हैं, ऐसे हाईस्कूलों को चिन्हित कर उन्हें हायर सेकेण्डरी स्कूलों में प्रोन्नत करने का प्रस्ताव प्रस्तुत किया जाए।

## 4 दोस्त 15 फीट गहरे पानी में डूबे, 3 लोगों की मौत



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**खातेगांव, एजेंसी। देवास में नर्मदा में नहाने गए चार दोस्त डूब गए। इनमें से तीन की मौत हो गई। वहीं एक युवक को स्थानीय नाविकों ने सुरक्षित बाहर निकाल लिया।**

घटना गुरुवार दोपहर 2.30 बजे राजौर क्षेत्र की है। चारों खातेगांव से आए थे। नदी में नहाने उतरे थे, लेकिन कुछ ही देर में वे गहरे पानी की तरफ चले गए और डूबने लगे। 15 फीट गहरे पानी से उनको बाहर निकाला। तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। मृतकों की पहचान खातेगांव निवासी सनी पिता श्रवण, गोलू पिता नटवर और ग्राम कणा निवासी आयुष पिता तेजाराम के रूप में हुई है। आयुष इन दिनों खातेगांव में ही रह रहा था। तीनों की उम्र करीब 17 से 20 वर्ष के बीच बताई गई है। वहीं, खातेगांव निवासी विवेक पिता दिलीप को स्थानीय लोगों और नाविकों की मदद से सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। घटना के बाद बड़ी संख्या में लोग नदी किनारे जमा हो गए। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से नदी किनारे सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाने और खतरनाक स्थानों पर चेतावनी बोर्ड लगाने की मांग की है।

## महाकाल दर्शन कर लौट रहे परिवार की कार ट्रक में घुसी, 2 की मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन, एजेंसी।** उज्जैन महाकाल के दर्शन कर वापस उप्र लौट रहे पांच युवकों की कार कुठला थाना क्षेत्र के चाका बायपास ब्रिज के पास खड़े ट्रक में पीछे से जा घुसी। दर्दनाक हादसे में दो युवकों की मौत हो गई, जबकि तीन की हालत गंभीर बनी हुई है। घटना के बाद एनएच पर भीड़ लग गई। मौके पर पहुंची कुठला पुलिस ने मशक्कत के बाद घायलों को बाहर निकाला और जिला अस्पताल पहुंचाया।

साथ ही स्वजनों को सूचना दी गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार उप्र के कानपुर उप्र में बैंक में पदस्थ अमित सिंह पिता महेश प्रताप सिंह, 35 साल निवासी बछरौली थाना हथगवां प्रतापगढ़ अपने साथी हरिवंश मणि त्रिपाठी पिता बैजनाथ त्रिपाठी, 38 साल, निवासी फरीदपुर, नवाब गंज, प्रयागराज उप्र, सूर्यांश सेंगर पिता राजेन्द्र





सेंगर, 29 साल निवासी काकादेव कानपुर उप्र, प्रीतम शुक्ला पिता रामचरण शुक्ला, 33 साल निवासी सिलैर गोरखपुर, विवेक राजपूत, 40 वर्ष निवासी प्रयागराज उप्र के साथ कार क्रमांक यूपी 70, इएच 2790 से उज्जैन महाकाल के दर्शन करने गए थे। पांचों साथी गुरूवार को दर्शन करने के बाद वापस कार से अपने घर लौट रहे थे। शाम को पांच बजे के लगभग जैसे ही उनकी कार कुठला थाना क्षेत्र के चाका बायपास में ओवर ब्रिज के पास पहुंची सड़क किनारे खड़े ट्रक क्रमांक एमपी 20 एचबी 5781 में पीछे से जा घुसी। दुर्घटना में कार के परखच्चे उड़ गए और आगे का हिस्सा ट्रक के नीचे जा घुसा। दुर्घटना में कार का आगे का हिस्सा ट्रक के नीचे जा घुसा था और बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। इसमें स्टेरिंग के पास हरिवंश फंस गया और उसको निकालने में पुलिस को मशक्कत करनी पड़ी। घायलों को जिला अस्पताल भेजने के साथ ही पुलिस ने कार के हिस्से को कटर के माध्यम से कटवाया और आधे घंटे की मशक्कत के बाद उसका शव बाहर निकाला जा सका।

## संपादकीय

### वैश्विक मंदी और युद्ध के बाद भारत की नई 'आर्थिक कूटनीति'

पांच देशों की यात्रा से लौटने के तुरंत बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली में मंत्रिपरिषद की अहम बैठक की। इस मीटिंग के एक दिन बाद शुक्रवार को पीएम मोदी ने फैसलों की जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि मंत्रिपरिषद की बैठक में 'ईज ऑफ लिविंग' और 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' को बढ़ावा देने और सुधारों को आगे बढ़ाने के मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की। प्रधानमंत्री मोदी ने विदेश दौरों से लौटने के बाद गुरुवार को मंत्रिपरिषद बैठक की अध्यक्षता की। यह बैठक शाम 5 बजे 'सेवा तीर्थ' में हुई, जिसमें सभी कैबिनेट मंत्री, राज्यमंत्री और स्वतंत्र प्रभार वाले राज्यमंत्री भी शामिल हुए। यह इस साल की पहली पूरी मंत्रिपरिषद बैठक हुई। मंत्रिपरिषद की ऐसी पिछली पूर्ण बैठक 4 जून, 2025 को आयोजित की गई थी। हालांकि, आधिकारिक तौर पर गुरुवार को हुई बैठक के निर्णयों की जानकारी सामने नहीं आई थी। अगले दिन शुक्रवार को प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट किया। उन्होंने लिखा, 'कल मंत्रिपरिषद की एक सार्थक बैठक हुई। हमने 'ईज ऑफ लिविंग' और 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' को बढ़ावा देने से जुड़े विचारों और बेहतरीन तौर-तरीकों का आदान-प्रदान किया। इस बात पर चर्चा की कि 'विकसित भारत' के हमारे साझा सपने को साकार करने के लिए सुधारों को और आगे कैसे बढ़ाया जाए।' काउंसिल ऑफ मिनिस्टर्स की बैठक अमेरिका-ईरान युद्ध और उससे उत्पन्न कठिन आर्थिक परिस्थितियों की पृष्ठभूमि में हुई है। अमेरिका-ईरान युद्ध के बीच सरकार ईंधन की आपूर्ति में रुकावटों, महंगाई और तेल की बढ़ती कीमतों पर लगातार नजर रख रही है। बीते दिनों प्रधानमंत्री ने सभी देशवासियों से अपील की कि वे ईंधन का समझदारी से इस्तेमाल करें। इसमें 'वर्क फ्रॉम होम' (घर से काम करना) और आमने-सामने की बैठकों के बजाय ज्यादा ऑनलाइन बैठकें करना जैसे उपाय अपनाना शामिल है। साथ ही, कम से कम एक साल तक सोना खरीदने से बचना और विदेश यात्रा से भी परहेज करना शामिल है।

## महिला जगत

# गर्मियों में स्टाइल के साथ चाहिए आराम?

### ट्रेंड में हैं ये खूबसूरत सूट डिजाइन्स

गर्मियों का मौसम आते ही लड़कियां ऐसे कपड़ों की तलाश में लग जाती हैं जो स्टाइलिश होने के साथ आरामदायक भी हों। तेज धूप और उमस में भारी और टाइट कपड़े पहनना काफी मुश्किल हो जाता है। ऐसे में सूट एक ऐसा आउटफिट है जो हर मौके पर आराम और खूबसूरती दोनों देता है। कॉलेज जाना हो, ऑफिस, शॉपिंग या किसी फैमिली फंक्शन में शामिल होना हो, सही सूट डिजाइन पूरे लुक को खास बना सकता है। आजकल फैशन ट्रेंड में ऐसे सूट काफी पसंद किए जा रहे हैं जो हल्के फैब्रिक, सॉफ्ट कलर और सिंपल डिजाइन के साथ आते हैं। खासकर कॉटन और चिकनकारी सूट गर्मियों में सबसे ज्यादा डिमांड में रहते हैं। सोशल मीडिया और बॉलीवुड सेलेब्स के लुक्स से भी लड़कियां नए-नए डिजाइन इंस्पायर होकर अपने वार्डरोब में शामिल कर रही हैं। अगर आप भी इस गर्मी में स्टाइलिश और सहज दिखना चाहती हैं, तो आज हम आपको बताएंगे 5 ऐसे सूट डिजाइन्स, जिन्हें अपने कलेक्शन में शामिल करके आप हर मौके पर परफेक्ट लुक पा सकती हैं।



### गर्मियों में ट्रेंड कर रहे हैं ये सूट डिजाइन्स

#### ● कॉटन स्ट्रेट कट सूट



गर्मी के मौसम में कॉटन फैब्रिक सबसे ज्यादा आरामदायक माना जाता है। स्ट्रेट कट सूट सिंपल और एलिगेंट लुक देते हैं। इन्हें ऑफिस, कॉलेज और डेली वियर के लिए आसानी से पहना जा सकता है। हल्के रंगों वाले कॉटन सूट गर्मी में काफी कूल महसूस कराते हैं।

#### ● चिकनकारी सूट



लखनऊ की चिकनकारी का फैशन कभी आउट ऑफ ट्रेंड नहीं होता। सफेद, पेस्टल पिंक या स्काई ब्लू रंग के चिकनकारी सूट गर्मियों में बेहद खूबसूरत लगते हैं। ये सूट ट्रेडिशनल के साथ क्लासी लुक भी देते हैं और पहनने में काफी हल्के होते हैं।

#### ● फ्लोरल प्रिंट अनारकली सूट



फ्लोरल प्रिंट्स गर्मियों के फैशन में हमेशा ट्रेंड में रहते हैं। हल्के फैब्रिक वाले फ्लोरल अनारकली सूट पहनने से फ्रेश और फेमिनिन लुक मिलता है। डे आउटिंग और फैमिली फंक्शन के लिए यह डिजाइन परफेक्ट माना जाता है।

#### ● पेस्टल शेड्स वाले सूट



आजकल पेस्टल कलर जैसे लैवेंडर, पीच, मिंट ग्रीन और बेबी पिंक काफी ट्रेंड में हैं। ये रंग आंखों को सुकून देने के साथ गर्मियों में बेहद स्टाइलिश लगते हैं। पेस्टल सूट के साथ हल्की ज्वेलरी पूरा लुक और ज्यादा खूबसूरत बना देती है।

#### ● कुर्ती-पलाजो सेट



अगर आप कम्फर्ट और फैशन दोनों चाहती हैं, तो कुर्ती-पलाजो सेट शानदार ऑप्शन हो सकता है। ढीले और हल्के पलाजो गर्मियों में काफी आराम देते हैं। इसे कॉलेज, ट्रैवल और कैजुअल आउटिंग में आसानी से कैरी किया जा सकता है।

New Delhi

# 100 किमी दूर दुश्मन को तबाह करने वाले 'वायु अस्त्र' का सफल परीक्षण, भारतीय सेना को मिलेगी नई ताकत

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** भारत की रक्षा क्षमताओं को मजबूती देने की दिशा में पुणे की रक्षा कंपनी निबे लिमिटेड ने बड़ी सफलता हासिल करने का दावा किया है। कंपनी ने कहा कि उसने अपनी 100 किलोमीटर रेंज वाली 'वायु अस्त्र' लोइटरिंग म्यूनिशन प्रणाली का नो-कॉस्ट, नो-कमिटमेंट (NCNC) प्रदर्शन सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। यह परीक्षण राजस्थान के पोखरण और उत्तराखंड के जोशीमठ (मलारी) में आयोजित किए गए।

दरअसल, नो-कॉस्ट, नो-कमिटमेंट (NCNC) प्रदर्शन रक्षा खरीद प्रक्रिया का एक ट्रायल सिस्टम होता



है। इसमें कोई रक्षा कंपनी अपनी तकनीक, हथियार या सिस्टम का प्रदर्शन सेना या रक्षा मंत्रालय के सामने करती है। कंपनी के बयान के अनुसार, पोखरण में 18 और 19 अप्रैल को जबकि जोशीमठ (मलारी) में 26 और 27 अप्रैल को परीक्षण किए गए। 'वायु अस्त्र-1' लोइटरिंग म्यूनिशन के एंटी-पर्सनल वैरिएंट ने राजस्थान के पोखरण रेंज में अपना पहला एनसीएनसी प्रदर्शन सफलतापूर्वक पूरा किया। इस दौरान प्रणाली ने 10 किलोग्राम वारहेड के साथ लक्ष्य को साधा। रक्षा मंत्रालय की पूंजीगत खरीद प्रक्रिया में उत्पाद परीक्षण नो-कॉस्ट, नो-कमिटमेंट (NCNC) आधार पर किए जाते हैं। इसका मतलब है कि सरकार परीक्षण के लिए कोई भुगतान नहीं करती और न ही बाद में उत्पाद खरीदने की बाध्यता होती है।

Uttarpradesh

## आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर भीषण हादसा, डम्पर से टकराई बस, चालक जिंदा जला, कई यात्री घायल



**फिरोजाबाद, (एजेंसी)** आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर सवारियों को लेकर गुड़गांव जा रही डबल डेकर प्राइवेट बस आगे चल रहे बालू से लदे डंपर में पीछे से जा घुसी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बस में आग लग गई। इस हादसे में बस चालक की आग में जलकर दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पर एसपी सिटी, नसीरपुर एवं मटसेना पुलिस के अलावा मुख्य अग्निशमन अधिकारी समेत जनपद से 6 फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंच गई। जिसने तीन घण्टे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

बृहस्पतिवार की रात एक डबल डेकर प्राइवेट बस सवारियों को लेकर कानपुर से गुड़गांव जा रही थी। बस में लगभग 40 से अधिक सवारियां सफर कर रही थीं। बस जब रात्रि 2 बजे करीब आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर नसीरपुर थाना क्षेत्र से आगे बढ़ी। तभी बस के आगे चल रहा बालू से लदा डंपर अचानक मटसेना क्षेत्र के किमी संख्या 46 पर अनियंत्रित हो गया। जोकि मध्य डिवाइडर से जा टकराया। तभी पीछे से तेज गति से आ रही सवारियों से भरी बस दुर्घटनाग्रस्त हुए डंपर में तेजगति से पीछे से जा टकराई। हादसा इतनी भयावह था कि देखते ही देखते बस में शॉर्ट सर्किट हो गया और बस में आग लग गई।

बस में सो रही सवारियों की चीखें निकल गईं। एक के ऊपर एक गिरकर घायल हो गईं। सूचना मिलने पर यूपीडा तथा नसीरपुर एवं मटसेना पुलिस मौके पर आ गई।

Uttarpradesh

## दामाद का सिर जबड़े में दबोचकर खींच ले गया मगरमच्छ, 24 घंटे बाद मिला शव

**गोंडा, (एजेंसी)** अपनी सास के अंतिम संस्कार में शामिल होने ग्रेटर नोएडा से गोंडा आए 30 वर्षीय दीपक शर्मा का शव 24 घंटे बाद बरामद हो गया है। दीपक को एक मगरमच्छ सरयू के गहरे पानी में खींच ले गया था। वह सास की अंतिम संस्कार की तैयारियों में जुटे थे, लेकिन जैसे ही नदी में स्नान करने उतरे मगरमच्छ ने उनका सिर अपने जबड़े में दबोच लिया। स्थानीय गोताखोरों ने काफी खोजबीन की मगर दीपक का कोई पता नहीं चल सका। आखिर में लखनऊ से एसडीआरएफ की टीम बुलानी पड़ी। पहले सास और अब दामाद की मौत से परिवार में मातम पसरा हुआ है। आपको बता दें कि गोंडा जिले के थाना उमरीबेगमगंज क्षेत्र के सोनौली मोहम्मदपुर उदयभान पाही के पास सरयू नदी में मगरमच्छ के हमले का शिकार हुए दीपक का शव बरामद कर लिया गया है। ग्रेटर नोएडा निवासी दीपक अपनी सास के अंतिम संस्कार में शामिल होने उमरी आए थे। प्रत्यक्षदर्शी राजेश शुक्ला के मुताबिक, मना करने के बावजूद दीपक चिता सजाने के बाद नदी में नहाने उतरे।

Paschim bangal

## बंगाल में ED का ताबड़तोड़ एक्शन, पूर्व DCP के बंद घर का ताला तोड़कर अंदर घुसे अधिकारी

**कोलकाता, (एजेंसी)** पश्चिम बंगाल में कथित रंगदारी रैकेट की जांच को लेकर प्रवर्तन निदेशालय (ED) ने शुक्रवार सुबह बड़े पैमाने पर छापेमारी की है। मुर्शिदाबाद जिले के कांडी शहर में कोलकाता पुलिस के पूर्व डिप्टी कमिश्नर (DC) और कालीघाट पुलिस स्टेशन के पूर्व इंस्पेक्टर-इन-चार्ज (IC) शांतनु सिन्हा विश्वास के आलीशान पैतृक आवास पर ईडी की टीम ने ताला तोड़कर धावा बोला। यह घर कांडी नगर पालिका के वार्ड नंबर 8 में स्थित है और पिछले एक हफ्ते से पूरी तरह बंद पड़ा था। शांतनु सिन्हा विश्वास कोलकाता के कालीघाट पुलिस स्टेशन के पूर्व इंस्पेक्टर-इन-चार्ज (IC) और डिप्टी कमिश्नर (DC) रह चुके हैं और फिलहाल जमीन से जुड़े एक वित्तीय धोखाधड़ी के मामले में ED की हिरासत में हैं। शांतनु सिन्हा विश्वास



का कांडी में एक आलीशान घर है जो कांडी नगर पालिका के वार्ड नंबर 8 में स्थित है. यह घर पिछले सात दिनों से बंद पड़ा है. शांतनु सिन्हा विश्वास की बहन, गौरी सिन्हा विश्वास, फिलहाल कांडी नगर पालिका की उपाध्यक्ष हैं. छापेमारी के दौरान वह भी घर पर मौजूद नहीं थी. चूंकि घर बंद था, इसलिए ED के अधिकारियों ने घर के बाहर से ही अपनी जांच-पड़ताल शुरू कर दी और स्थानीय लोगों से बातचीत की और इसके बाद ताला तोड़कर घर में घुसे।

खेल

# प्लेऑफ की दौड़ से बाहर होने वाली तीसरी टीम बनी चेन्नई, गुजरात दूसरे स्थान पर बरकरार

**अहमदाबाद।** गुजरात टाइटंस ने चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) को 89 रनों से हरा दिया। गुरुवार को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी गुजरात ने साई सुदर्शन, शुभमन गिल और जोस बटलर की अर्धशतकीय पारियों की मदद से 20 ओवर में चार विकेट पर 229 रन बनाए। जवाब में चेन्नई की टीम 13.4 ओवर में सिर्फ 140 रन ही बना सकी और ऑलआउट हो गई। उनके लिए शिवम दुबे ने 17 गेंदों में 47 रनों की पारी खेली। इस दौरान सिराज, रबाडा और राशिद खान ने तीन-तीन विकेट झटके। इस हार के साथ चेन्नई की प्लेऑफ की उम्मीदें समाप्त हो गई हैं।

गुजरात को कप्तान शुभमन गिल और साईं सुदर्शन की सलामी जोड़ी ने शानदार शुरुआत दिलाई। दोनों खिलाड़ियों ने 74 गेंदों में 125 रन की साझेदारी



की। गिल 37 गेंदों में 3 छक्कों और सात चौकों के साथ 64 रन बनाकर आउट हुए, जिसके बाद सुदर्शन ने जोस बटलर के साथ दूसरे विकेट के लिए 36 गेंदों में 82 रन जुटाकर टीम को 207 के स्कोर तक पहुंचाया।

19वें ओवर की दूसरी गेंद पर सुदर्शन आउट हुए, जिन्होंने 53 गेंदों में चार छक्कों और सात चौकों के साथ 84 रन की पारी खेली। अगली गेंद पर टीम ने राहुल तेवतिया (0) का विकेट गंवा दिया। यहां से जोस बटलर ने 27 गेंदों में 57 रन की नाबाद पारी खेलकर टीम को विशाल स्कोर तक पहुंचाया। विपक्षी खेमे से मुकेश चौधरी, स्पेंसर जॉनसन और अंशुल कंबोज ने एक-एक विकेट अपने नाम किया।

इसके जवाब में चेन्नई सुपर किंग्स 13.4 ओवरों में 140 रन पर सिमट गई। इस टीम को पहली ही गेंद पर संजू सैमसन (0) के रूप में बड़ा झटका लग गया। इसके बाद कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ ने मैथ्यू शॉर्ट के साथ दूसरे विकेट के लिए 13 गेंदों में 29 रन की साझेदारी करते हुए टीम को संभालने की कोशिश की, लेकिन कप्तान के आउट होने के बाद टीम बिखर गई। गायकवाड़ ने 16 रन का योगदान सीएसके के खाते में दिया, जबकि शॉर्ट ने 14 गेंदों में 1 छक्के और 3 चौकों के साथ 24 रन की पारी खेली। इनके अलावा, कार्तिक शर्मा ने 19 रन बनाए।

टीम ने 63 के स्कोर तक अपने पांच विकेट खो दिए थे। यहां से शिवम दुबे ने देवाल्ड ब्रेविस (8) के साथ 21 गेंदों में 53 रन की साझेदारी की, लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सके। दुबे 17 गेंदों में 4 छक्कों और इतने ही चौकों के साथ 47 रन बनाकर आउट हुए। विपक्षी खेमे से मोहम्मद सिराज, कगिसो रबाडा और राशिद खान ने 3-3 विकेट हासिल किए।

सिनेमा

# बॉबी देओल ने लूटा मजमा, फैंस बोले- ये उम्मीद तो नहीं की थी, एकदम जबरदस्त है



अपने धमाकेदार टीजर से पूरे देश में हलचल मचाने के बाद, 'बंदर' के मेकर्स ने आखिरकार इसका ट्रेलर भी रिलीज कर दिया है। यह ट्रेलर आपको एक ऐसी दुनिया में और गहराई से ले जाता है जो ट्विस्ट, बोल्ड डायलॉग्स, कमाल की परफॉर्मेंस और हल्के-फुल्के ह्यूमर से भरी हुई है। मनोरंजन के मामले में यह फिल्म अपने अनूठे और हटके अंदाज की वजह से बेहद दिलचस्प लग रही है। बॉबी देओल पहली बार डायरेक्टर अनुराग कश्यप के साथ काम कर रहे हैं, और एक बिल्कुल अलग, अनोखा रोल निभाया है। ढाई मिनट के 'बंदर' के ट्रेलर ने वो कर दिखाया है, जिसे करने में ज्यादातर हिंदी फिल्में पूरा फर्स्ट हाफ ले लेती हैं, यानी आपको कहानी में पूरी तरह खींचना, हैरान कर देना और यह सोचने पर मजबूर कर देना कि आखिर आप किसका साथ दें। 'एनिमल' और 'द बैड्स ऑफ बॉलीवुड' जैसी हिट फिल्मों के बाद बॉबी देओल 'बंदर' में बिल्कुल अलग रोल में हाथ आजमाते दिख रहे हैं, और वो इसमें पूरी तरह छा गए हैं। वो स्क्रीन पर काफी स्मार्ट, चार्मिंग और अपने किरदार के आस-पास की पूरी दीवानगी के साथ बिल्कुल फिट बैठते नजर आ रहे हैं।

## Highlights

1. Thieves target Bengaluru Safe City CCTV infrastructure
2. Indian Railways rules on the validity of missed train tickets
3. Collapsed section of bridge connected with another 170-feet bridge in Bihar
4. Bengaluru teen creates app to report footpath problems
5. Bengaluru cab driver found dead inside parked car
6. World observe International Day for Biological Diversity on May 22

# India's pvt sector growth losing momentum in May

**NEW DEIHI, (Agency).** The recovery in India's private sector activity appears to have lost some momentum in May, with the latest HSBC Flash PMI showing softer growth in output, new orders, exports and employment. Data released by S&P Global on Thursday suggests that while business activity continued to expand, the rebound after March's sharp slowdown did not strengthen further.



The HSBC Flash India Composite PMI Output Index came in at 58.1 in May from 58.2 in April. The Services PMI Business Activity Index edged up to 58.9 from 58.8, but this was offset by weaker manufacturing activity. The Manufacturing PMI Output Index slipped to 56.6 from 56.9, while the headline Manufacturing PMI fell from 54.7 to 54.3. All readings remained above 50, signalling expansion from the previous month, but the direction of change suggests that the April recovery did not gather further pace. The loss of momentum was most visible in demand conditions. New business at manufacturers and service providers grew at a softer pace, pulling down growth at the composite level. For manufacturers, new orders expanded at the second-weakest rate in nearly four years. Companies cited competitive pressures, weak demand, travel disruptions and the West Asia war as factors weighing on sales.

Manufacturing, which led the rebound in April, lost some pace in May. Factory output continued to grow, but at its second-slowest pace since mid-2022, ahead only of March. "Manufacturing activity eased marginally as the rates of expansion in output and new orders moderated, while growth of new export orders softened markedly. Yet, the Manufacturing PMI remained broadly in line with its long-run average, supported by continued inventory building," said Pranjul Bhandari, chief India economist at HSBC.

# Samsung hits the right notes with Galaxy Buds4 Pro, with an ecosystem caveat

**NEW DEIHI, (Agency).** Some context here. JBL, which recently completed 80 years of very successful audio benchmark setting existence, and its parent company Harman International are wholly owned by Samsung. That is the foundation with which you need to approach any conversation about the Samsung Galaxy Buds4 Pro wireless earbuds. Basically, they all know what they're doing, and from the outset, it clearly shows. While the flagship Galaxy Buds4 Pro doesn't have the 'Sound by AKG' badge proudly shown off, the audio tuning has been just perfect. Fundamentals haven't




changed, neither has the acoustic framework.

And they have to, considering the gravitas of the ₹22,999 price tag which puts it directly in competition with the likes of the Apple AirPods Pro 3 (around ₹25,900) and the Sennheiser Momentum True Wireless 4 (now around ₹17,999). That said, must note that while Samsung ships the Galaxy Buds4 Pro with three sizes of eartips, they are all the silicone ones. This reminds me of how Anker and even Sony for a while, also bundled the softer and more comfortable foam eartips — these are much more comfortable if you intend to use the earbuds for long durations, either for calls, or listening to music on a flight.

# 13 साल की बच्ची की 42 वर्षीय युवक से शादी

## दादा-दादी और दूल्हे सहित 13 पर एफआईआर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। रंगवासा क्षेत्र से बाल विवाह का मामला सामने आया है। यहां पारिवारिक रिश्तों के ताने-बाने और सामाजिक दबाव के चलते एक 13 साल की बच्ची की शादी जबरन 42 साल के युवक से करा दी गई। राऊ पुलिस ने दूल्हे, उसके परिजन और बच्ची के दादा-दादी सहित कुल 13 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।**

महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी रजनीश सिन्हा ने बताया कि यह पूरा मामला एक शर्त और पारिवारिक दबाव के कारण हुआ। रंगवासा निवासी बुजुर्ग दादा को अपने 19 साल के पोते के लिए बहू लाना थी। पोते की पत्नी (यानी बच्ची की भाभी) ने शर्त रखी थी कि वह इस घर में शादी तभी करेगी, जब उसकी ननद (बच्ची) की शादी उसके सगे चाचा (42 वर्षीय युवक) से कराई जाएगी। पोते के घर बसाने की इस शर्त को पूरा करने के लिए दादा-दादी ने अपनी ही मासूम पोती का सौदा कर दिया।इस बाल विवाह की भनक महिला एवं बाल विकास विभाग को पहले ही लग गई थी। 25 अप्रैल को होने वाले इस विवाह को लेकर फ्लाइंग स्क्वाड की टीम ने दोनों पक्षों को बुलाकर समझाइश दी थी, जिसके बाद परिजन ने लिखित आश्वासन दिया था कि वे शादी नहीं करेंगे। 26 अप्रैल की रात को लड़के वाले इंदौर आए और नाबालिग बच्ची व उसके 19 वर्षीय भाई को चोरी-छिपे उज्जैन ले गए। वहां चिंतामन गणेश मंदिर के बाहर दोनों को दूल्हा-दुल्हन के कपड़े पहनाए गए और रात के अंधेरे में मांग भरकर विवाह संपन्न करा दिया गया। शादी के बाद ससुराल पक्ष दोनों बच्चों को वापस इंदौर के रंगवासा छोड़ गया और दोनों दूल्हे बिना दुल्हन के अपने गांव दयाखेड़ा (सांवेर) लौट गए। फ्लाइंग स्क्वाड प्रभारी महेंद्र पाठक ने बताया कि शादी के बाद भी परिवार बच्ची पर ससुराल जाने के लिए दबाव बना रहा था। नाबालिग ने विरोध किया, तो उसकी दादी ने बेरहमी से पिटाई कर दी। दादी की मारपीट से तंग आकर बालिका की मां ने हिम्मत जुटाई और बाल कल्याण समिति व महिला बाल विकास विभाग को लिखित शिकायत दी। इसके बाद विभाग हरकत में आया और बच्ची के बयान दर्ज कराए गए, जिससे इस पूरी खौफनाक साजिश का पर्दाफाश हुआ। जांच में एक और बड़ा खुलासा हुआ है। बालिका के पिता की मौत के बाद उसकी मां ने दूसरी शादी कर ली थी, जिसके कारण बच्चे अपने दादा-दादी के पास रह रहे थे। पोते और पोती का बाल विवाह कराने के लिए दोनों परिवारों ने मिलकर बच्चों के उम्र से जुड़े दस्तावेज में हेरफेर किया और कथित तौर पर फर्जी अंकसूची (मार्कशीट) तैयार करवाई।बाल कल्याण समिति के निर्देश पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। अधिकारियों का कहना है कि फर्जी अंकसूची के मामले में शिक्षा विभाग अलग से जांच कर रहा है, रिपोर्ट आने के बाद शासकीय दस्तावेजों में कूट-रचना (जालसाजी) करने की धाराओं के तहत भी आरोपियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।



# करंट लगने से छात्रा की मौत

## बिजली कनेक्शन लगाने पर तीन पर केस

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र में करंट लगने से 13 साल की छात्रा की मौत हो गई। पुलिस जांच में लापरवाहीपूर्ण बिजली कनेक्शन सामने आने के बाद तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।**

घटना 25 अप्रैल की है। पुलिस के मुताबिक सुखनिवास निवासी मान्या पुत्री संतोष भाटी की मौत टेंट में फैले करंट की चपेट में आने से हुई। जांच में सामने आया कि टेंट में बिजली कनेक्शन लापरवाही से लगाया गया था। पुलिस जांच में पता चला कि कार्यक्रम स्थल पर पुराने और कटे-फटे तारों का उपयोग किया गया था। इसी वजह से करंट टेंट के पाइप में फैल गया और मान्या उसकी चपेट में आ गई।



परिजनों ने बताया कि आरोपी पक्ष इलाके में भजन संध्या और माता पूजन का कार्यक्रम करा रहा था। कार्यक्रम के दौरान खुले बिजली तारों का उपयोग किया गया था। परिजनों के अनुसार कुछ लोगों ने आरोपियों को तार जोड़ने के तरीके पर टोका भी था। इसके बावजूद उन्होंने सावधानी नहीं बरती। घटना के समय मान्या अपने छोटे भाई और अन्य बच्चों के साथ वहां खेल रही थी। इसी दौरान उसे करंट लगा और वह गिर गई। मान्या के छोटे भाई ने घर पहुंचकर मां को घटना की जानकारी दी। इसके बाद परिजन उसे अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने बताया कि मान्या आठवीं कक्षा में पढ़ती थी। उसके पिता प्रॉपर्टी का काम करते हैं। पुलिस ने जांच के बाद सुभाष सोनाने निवासी नार्थ मोहल्ला, श्रवण परमार और विनोद राठौर के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। पुलिस का कहना है कि जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी की जाएगी।

# डॉक्टर की आत्महत्या मामले में प्रेम प्रसंग का एंगल सामने आया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। एमजीएम मेडिकल कॉलेज हॉस्टल में जूनियर डॉक्टर अमन पटेल की आत्महत्या मामले में प्रेम प्रसंग का एंगल सामने आया है।**



परिजनों का आरोप है कि कॉलेज की ही एक छात्रा से अमन का तीन साल से प्रेम संबंध था, लेकिन हाल के दिनों में रिश्तों में आई खटास और मानसिक तनाव के चलते उन्होंने यह आत्मघाती कदम उठाया। अमन की बहन वंदना पटेल ने बताया कि दोनों शादी को लेकर गंभीर थे, लेकिन कुछ समय से युवती किसी अन्य युवक से बातचीत करने लगी थी। इससे अमन परेशान रहने लगे थे। घटना से पहले भी दोनों के बीच फोन पर बातचीत हुई थी। परिजनों का आरोप है कि युवती ने बात करने से इनकार करते हुए कहा था, “जो करना है कर लो”, जिसके बाद अमन हॉस्टल की छत पर पहुंचे और छलांग लगा दी। घटना से पहले रात करीब 12 बजे अमन ने अपनी लकवाग्रस्त मां को फोन कर कहा था, “अच्छा नहीं लग रहा है।” इसके बाद उन्होंने एक दोस्त को मोबाइल का पासवर्ड भेजा था। पुलिस ने मोबाइल और लैपटॉप जब्त कर कॉल रिकॉर्ड और चैट की जांच शुरू कर दी है। दोस्तों और परिजनों का दावा है कि युवती का परिवार अंतरजातीय विवाह का विरोध कर रहे थे। इसके बाद दोनों के रिश्तों में तनाव बढ़ा था। घटना से 24 घंटे पहले युवती के माता-पिता इंदौर पहुंचे थे। परिजनों ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है।

भोपाल एम्स (AIIMS) में पढ़ रहे डॉ. अमन के एक करीबी दोस्त ने बताया कि वे दोनों 11 साल से गहरे मित्र थे। अमन ने उन्हें बताया था कि रायपुर की रहने वाली इस युवती ने उन्हें शादी का पूरा आश्वासन दिया था। इसी मई (2026) की शुरुआत में दोनों इंदौर से जबलपुर भी घूमने गए थे। वहां उन्होंने भेड़ाघाट सहित कई जगहों पर साथ समय बिताया था। दोस्तों और परिजनों का दावा है कि घटना से करीब 24 घंटे पहले युवती के माता-पिता अचानक इंदौर पहुंचे थे। उन्होंने इस अंतरजातीय विवाह का कड़ा विरोध किया। परिवार के दबाव में आकर युवती ने अमन से दूरी बना ली, जिससे अमन गहरे सदमे और अत्यधिक मानसिक तनाव में आ गए।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक